**क्वालिटी प्लेसमेंट पर जोर** • इंटर्नशिप के समय से ही विद्यार्थियों में प्रोफेशनल ट्रेट्स डेवलप करना है मकसद

# सीआईएमपी में समर इंटर्नशिप और प्लेसमेंट से पूर्व संस्थान विद्यार्थियों को ट्रेनिंग देकर करेगा तैयार

एजुकेशन रिपोर्टर, पटना

सीआईएमपी नए सत्र के साथ विद्यार्थियों के क्वालिटी प्लेसमेंट पर जोर देगा। संस्थान ने तय किया है कि अब विद्यार्थियों को समर इंटर्नशिप में भेजने से पहले ट्रेनिंग मिलेगी। यह ट्रेनिंग विद्यार्थियों के बाहर के एक्सपर्ट के साथ संस्थान के फैकल्टी देंगे। इसमें विद्यार्थियों को कई बातें बताई जाएंगी। इसका मकसद इंटर्नशिप के समय से ही विद्यार्थियों में प्रोफेशनल ट्रेट्स डेवलप करना है। संस्थान के प्रभारी निदेशक डॉ. राणा सिंह ने बताया कि हमारा जोर है संस्थान के प्लेसमेंट क्वालिटी पर है। इंटरनेशनल स्तर पर हमारे विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हो। साथ ही उनके इंटर्नशिप रिपोर्ट बेहतर हो। इंटर्नशिप के साथ- साथ प्लेसमेंट के लिए संस्थान में ही विद्यार्थियों को तैयार किया जाएगा।

## इस बार भी 100 प्रतिशत हुआ समर प्लेसमेंट



सीआईएमपी के पीजीडीएम बैच के विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत समर प्लेसमेंट हासिल किया है। समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट प्रक्रिया की शुरुआत जनवरी 2022 से हुई थी। इसमें प्रबंधन के छात्रों को इंटर्नशिप का मौका मिला। कुल 15 से अधिक कंपनियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में भाग लिया। मात्र दो महीने तक चलने वाली इंटर्नशिप में छात्रों को दिए जाने वाले औसत इंटर्नशिप स्टाईपेंड में बढ़ोतरी हुई है। इस बार संस्थान में निवेश बैंकिंग फर्म जिवाईआर, कैपिटल एडवाइजर्स, एफएमजीसी कैटेग्री, आईटीसी, केपीएमजी, दर्शा एआई और अन्य शामिल हैं। सीआईएमपी के प्लेसमेंट चेयरपर्सन प्रो. राजीव वर्मा ने कहा कि उत्कृष्ट शिक्षण संकायों और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ मजबूत अकादमिक उद्योग सहयोग ने हमे साल दर साल 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल करने में मदद की है।

### समर इंटर्नशिप के लिए आयोजित होंगे सेशन

समर इंटर्नशिप के लिए संस्थान में सेशन का आयोजन होगा। इसमें मुख्यत विद्यार्थियों को बताया जाएगा कि वो अपनी इंटर्नशिप रिपोर्ट कितनी बेहतर लिख सकते हैं और वहां जाकर उन्हें कौन-कौन सी बातों पर ध्यान देना है। इसके लिए एक हफ्ते का वर्कशॉप आयोजित किया जाएगा। इसके लिए बाहर से प्रोफेशनल को बुलाया जाएगा साथ ही संस्थान के फैकल्टी भी इसमें विद्यार्थियों को गाइड करेंगे।

### प्लेसमेंट से पहले इंटरव्यू में पूछे जाने वाले सवालों के साथ प्रैक्टिस कराया जाएगा

प्लेसमेंट से पहले विद्यार्थियों को मुख्य कंपनियों द्वारा इंटरव्यू में पूछे जाने वाले सवालों के साथ प्रैक्टिस कराया जाएगा ताकि उनकी प्लेस्ड होने की संभावना बढ़ जाए। इससे विद्यार्थियों के कम्युनिकेशन स्किल में सुधार आएगा। संस्थान के प्रभारी निदेशक ने बताया कि कंपनी वाइज एचआर के सवालों के बैंक को एलएमएस पर भी अपलोड किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों की प्रैक्टिस बेहतर हो और प्लेसमेंट की संभावना बढ़ जाए।

Dainik Bhaskar ! Page.No-06 ! Dated:18-04-2022

# सीआइएमपी में 100 प्रतिशत समर प्लेसमेंट

जासं, पटना : चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना (सीआइएमपी) के पीजीडीएम बैच के विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत समर प्लेसमेंट मिला है। समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट प्रक्रिया की शुरूआत जनवरी से हुई। इसमें प्रबंधन के छात्रों को इंटर्नशिप का मौका मिला।

दो महीने तक चले इंटर्नशिप में छात्रों को इस वर्ष इंटर्नशिप छात्रवृत्ति में भी बढ़ोतरी हुई है। इस वर्ष 5 से अधिक कंपनियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में भाग लिया। इस वर्ष संस्थान में निवेश बैंकिंग फर्म जिवाईआर, आइटीसी, केपीएमजी, कैपिटल एडवाइजर्स, एफएमजीसी कैटेग्री, दर्शा एआई कंपनियों ने हिस्सा लिया। प्लेसमेंट चेयरपर्सन प्रो. राजीव वर्मा ने कहा कि शिक्षकों के बेहतर सहभागिता व एकेडमिक गतिविधियां बेहतर होने के कारण 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल करने में आसानी हुई है। सीआइएमपी अपने छात्रों को देश के प्रमुख कंपनियों की ओर से होने वाली साक्षात्कार को लेकर भी अभ्यास कराएं जाएंगे। विशेषज्ञ उन्हें बताएंगे कि साक्षात्कार में कैसे जवाब दें।

## गुणवत्ता पर रहेगा जोर

सीआइएमपी के निदेशक डा. राणा सिंह ने बताया कि नए सत्र में छात्रों के प्लेसमेंट की गुणवत्ता पर जोर रहेगा। इसको देखते हुए अब समर इंटर्नशिप में भेजने से पहले सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण संस्थान व बाहर के विशेषज्ञ देंगे।

Dainik Jagran ! Page.NO-04 ! Dated:18-04-2022

# सीआइएमपी समर इंटर्नशिप और प्लेसमेंट से पहले स्टूडेंट्स को मिलेगी ट्रेनिंग

**( आज समाचार सेवा )**

**पटना।** चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना (सीआइएमपी) नये सत्र से क्वालिटी प्लेसमेंट पर ध्यान देगा। इसके लिए स्टूडेंट्स की क्वालिटी पर ध्यान दिया जायेगा. स्टूडेंट्स को समर इंटर्नशिप और प्लेसमेंट से पहले अलग-अलग विषय के विशेषज्ञ ट्रेनिंग देंगे। यह ट्रेनिंग स्टूडेंट्स के बाहर के एक्सपर्ट के साथ संस्थान के फैकल्टी देंगे। इसमें स्टूडेंट्स को कई बातें बतायी जायेगी। स्टूडेंट्स को बताया जायेगा कि वो अपनी इंटर्नशिप रिपोर्ट कितनी बेहतर लिख सकते हैं। वहां जाकर उन्हें कौन-कौन सी बातों पर ध्यान देना है। इसके लिए एक हफ्ते का वर्कशॉप आयोजित किया जायेगा। संस्थान के निदेशक डॉ राणा सिंह ने बताया कि संस्थान के प्लेसमेंट क्वालिटी पर ध्यान दिया जा रहा है। इंटरनेशनल स्तर पर हमारे स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट हो चुका है। इसका लाभ आने वाले स्टूडेंट्स को भी मिलेगा। स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग देने से इंटर्नशिप रिपोर्ट बेहतर होगा। इसके साथ प्लेसमेंट से पहले स्टूडेंट्स को मुख्य कंपनियों द्वारा इंटरव्यू में पूछे जाने वाले सवालों के साथ प्रैक्टिस कराया जायेगा। कंपनी वाइज एचआर के सवालों के बैंक को एलएमएस पर भी अपलोड किया जायेगा।

ताकि स्टूडेंट्स की प्रैक्टिस बेहतर हो और प्लेसमेंट की संभावना बढ़ जाये। सत्र 2021-22 में पीजीडीएम बैच के स्टूडेंट्स ने 100 प्रतिशत समर प्लेसमेंट हासिल किया है। कुल 15 से अधिक कंपनियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में भाग लिया था। मात्र दो महीने तक चलने वाली इंटर्नशिप में स्टूडेंट्स को दिये जाने वाले औसत इंटर्नशिप स्टाईपेंड में बढ़ोतरी हुई है।

AAJ ! Page.NO-04 ! Dated:18-04-2022

# इंटर्नशिप व प्लेसमेंट से पहले मिलेगी ट्रेनिंग

**पटना.** चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना (सीआइएमपी) नये सत्र से क्वालिटी प्लेसमेंट पर ध्यान देगा. इसके लिए स्टूडेंट्स की क्वालिटी पर ध्यान दिया जायेगा. स्टूडेंट्स को समर इंटर्नशिप और प्लेसमेंट से पहले अलग-अलग विषय के विशेषज्ञ ट्रेनिंग देंगे. यह ट्रेनिंग स्टूडेंट्स के बाहर के एक्सपर्ट के साथ संस्थान के फैकल्टी देंगे. इसमें स्टूडेंट्स को कई बातें बतायी जायेगी. स्टूडेंट्स को बताया जायेगा कि वो अपनी इंटर्नशिप रिपोर्ट कितनी बेहतर लिख सकते हैं. वहां जाकर उन्हें कौन-कौन सी बातों पर ध्यान देना है. इसके लिए एक हफ्ते का वर्कशॉप आयोजित किया जायेगा.

Prabhat Khabar
Page.NO-02
Dated:18-04-2022